राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: cce_raj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

Letter No. CCE/ISDC/ RSLDC/Skill Dev./2019/..1198 Date: 04 Sept. 2019

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय : राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम .के माध्यम से राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये रोजगारोन्मुख विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाये जाने बाबत्।

**शिक्षक दिवस की सभी शिक्षक साथियों को अग्रिम व हार्दिक शुभकामनाएं**

उपर्युक्त संबंध में लेख है कि राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (RSLDC) द्वारा राज्य के राजकीय महाविद्यालयों में अध्यय्रनरत विद्यार्थियों के लिये एक विशेष योजना **'मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना** (MMYKY)' के माध्यम से रोजगारोन्मुख विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करवाये जा रहे हैं। इस योजना में राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक/स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिससे कि लाभार्थी रोजगार प्राप्ति में सफल अथवा योग्य उद्यमी बन सकें। प्रथम चरण में राजकीय महाविद्यालयों के 6,000 चयनित विद्यार्थयों को प्रशिक्षण करवाये जाने का प्रस्ताव है। इस योजना के सम्बंध में महत्वपूर्ण बातें निम्नलिखित हैं –

1. **इस योजना में कितने कोर्सेस सम्मिलित हैं ?**

   इस योजना में कुल **39 कोर्स सम्मिलित कियें गये हैं,** जिनकी कोर्स सूची संलग्नक A पर दी गई है।

2. **इस प्रशिक्षण के लिये पात्र आवेदक कौन हैं ?**

   - इस प्रशिक्षण में स्नातक/स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष के उन विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जानी है, जो प्रशिक्षण उपरान्त सम्बंधित सैक्टर्स में रोजगार/निजी व्यवसाय करने की इच्छा रखते हों।
   - तथापि, स्थान उपलब्ध होने पर स्नातक द्वितीय वर्ष/ स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के विद्यार्थियों को भी इनमें प्रवेश दियां जा सकेगा। अतः स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध एवं उत्तरार्द्ध के विद्यार्थी ही आवेदन करें।
   - यह कौशल प्रशिक्षण केवल राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिये ही उपलब्ध है। इसमें अन्य विद्यार्थी– युवा आवेदन के पात्र नहीं हैं।
   - आवेदक विद्यार्थी के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य है।

3. **ये प्रशिक्षण कहां दिये जायेंगे तथा बैच का साइज क्या होगा ?**

   ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्बंधित महाविद्यालयों में ही आयोजित किये जायेंगे। सभी अन्तिम चयनित विद्यार्थियों को उनके महाविद्यालय में ही प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जायेगा। परन्तु प्रशिक्षण के लिये निम्न शर्तें रहेगी –

   - किसी कोर्स में प्रशिक्षंण हेतु एक बैच में न्यूनतम 20 एवं अधिकतम् 35 ही विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा। **20 से कम विद्यार्थी होंने पर उस महाविद्यालय में कोर्स आरम्भ नहीं होगा।**
   - 35 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा किसी कोर्स की मांग होने पर विद्यार्थियों का चयन हेतु निश्चित प्रकिया अपनायी जायेगी। परन्तु, किसी कोर्स के लिये अधिक मांग होने पर एक ही महाविद्यालय में एक कोर्स के एक से अधिक बैच अनुमत किये जा सकते हैं। इस संबंध में बैच आवंटन हेतु अन्तिम निर्णय RSLDC एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा (CCE) द्वारा किया जायेगा।
   - कौशल प्रशिक्षण हेतु किसी महाविद्यालय का चयन करना वहां से प्राप्त आवेदनों एवं प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी की उपलब्धिता पर निर्भर करेगा।

4. **इनमें से किसी प्रशिक्षण में प्रवेश के लिये क्या फीस देनी होगी ?**

   ये प्रशिक्षण **पूर्णतः निःशुल्क हैं।** इसके लिये विद्यार्थियों से किसी प्रकार की **कोई फीस नहीं ली जायेगी।**

5. **प्रशिक्षण का समय क्या रहेगा ?**

- प्रशिक्षण का समय का समय महाविद्यालय में नियमित कक्षाओं के समय के पारान्त ही रखा जायेगा।
- प्रशिक्षण का कार्य प्रतिदिन 4 घण्टे रहेगा।
- प्रशिक्षण कार्य यथा संभव केवल कार्य दिवसों में ही निष्पादित करवाया जायेगा।

6. **प्रशिक्षण कौन देगा ?**

- प्रशिक्षण कार्य हेतु RSLDC द्वारा प्रशिक्षण दाता विशेषज्ञ संस्थाओं का चयन कर प्रशिक्षण कार्य हेतु महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों द्वारा चयनित कौशल के आधार पर उपलब्ध करवाया जायेगा।
- इन चयनित प्रशिक्षण दाता एजेन्सीज को महाविद्यालय/ विद्यार्थी द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भुगतान नहीं करना है। तथापि, प्रशिक्षण कार्य हेतु आधारभूत सुविधाएं महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवानी होंगी।

7. **प्रशिक्षण पूर्णता के क्या नियम हैं ?**

- सभी पंजीकृत विद्यार्थियों एवं पढाने वाले प्रशिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।
- प्रशिक्षणार्थियों के लिये 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। चूंकि यह मशीनीकृत उपस्थिति व्यवस्था है, अतः उपस्थिति के प्रति स्वयं प्रशिक्षणार्थियों को सचेत रहना होगा।
- **75 प्रतिशत उपस्थिति पूर्ण होने पर ही प्रशिक्षणार्थी अपने चयनित कोर्स की जांच परीक्षा में प्रविष्ट होने के लिये पात्र होगा।**
- एक बार प्रवेश लेने के उपरान्त प्रशिक्षण पूरा नहीं करने अथवा छोड देने अथवा अनुपस्थित रहने के कारण अयोग्य होने की स्थिति में ऐसे विद्यार्थियों को पुनः किसी अन्य कोर्स में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

8. **प्रशिक्षण में सहभागिता से विद्यार्थियों को क्या लाभ होंगे ?**

- यह योजना **'प्रवेश एक लाभ अनेक'** की तर्ज पर राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को संस्था में उनके नियमित डिग्री कोर्स हेतु प्रवेश के साथ साथ उनके भविष्य निर्माण हेतु अनेकों सुनहरे अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- विद्यार्थी द्वारा चयनित कोर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम, जो कि अधिकांशतः कक्षा अध्यापन पद्धति आधारित है, पूर्ण करने पर जांच परीक्षा आयोजित की जायेगी।
- जांच परीक्षा में सफल होने पर प्रशिक्षण सफलता प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा, जो कौशल विभाग द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होगा।
- प्रत्येक कोर्स में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये महाविद्यालय एवं राज्य स्तर पर पुरुस्कृत करने की योजना है।
- सफलतापूर्वक प्रशिक्षण समाप्ति उपरान्त RSLDC एवं CCE के सयुक्त तत्वावधान में जॉब फेयर आयोजित करवाये जायेंगे ताकि विद्यार्थियों को अधिकाधिक नियोक्तओं से जुडने का लाभ मिल सके।

9. **आवेदन कैसे करना है ?**

- इस आदेश पत्र के साथ आवेदन हेतु फॉर्म प्रारुप संलग्नक B पर संलग्न किया गया है। इस आवेदन पत्र को भरकर विद्यार्थियों को अपने महाविद्यालय में नवाचार एंव कौशल विकास प्रभारी को जमा करवाना है।
- अलग से अथवा सादे कागज पर किया गया आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- आवेदन पत्र का प्रारुप आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की वैबसाइट http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ पर डाउनलोड के अन्तर्गत भी उपलब्ध है।
- महाविद्यालय अपने स्तर पर भी विद्यार्थियों को यह आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध करवायेंगे, इसके लिये कोई राशि नही ली जायेगी। एक विद्यार्थी को एक ही आवेदन दिया जायेगा।
- आवेदन पत्र में प्रत्येक विद्यार्थी को तीन कौशल विकल्प भरने हैं। इनमें से जिस भी कोर्स में 20 विद्यार्थियों का ग्रुप बनेगा, उसमें वरीयता आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

- आवेदक विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र पर अपना नाम सुपाठ्य अक्षरों में, अपना मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई.डी. तथा अपने महाविद्यालय का नाम एवं कक्षा को उल्लेख अवश्य करें।
- **आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 16 सितम्बर 2019 है। इस दिनांक उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जा सकेगा।**
- **इस दिनांक तक प्राप्त आवेदनों की सूचना महाविद्यालय द्वारा आयुक्तालय के निर्देशानुसार अन्तिम दिनांक (16 सितम्बर 2019) की सांयकाल 5 बजे आवश्यकरुप से प्रेषित करनी होगी। इसके लिये अलग से एक स्प्रैडशीट आपको साझा की जायेगी, जिसमें आपको सूचना भरकर भिजवानी होगी।**

10. **आवदेन से पूर्व कुछ समझना हो तो ?**

- इच्छुक आवेदक इन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (RSLDC) की वैबसाइट पर **'मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना** (MMYKY)' पर क्लिक करके विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- इन कोर्सेज के बारे में अथवा किसी मार्गदर्शन हेतु **RSLDC में स्कीम टॉस्क लीड श्री विक्रम राघव** से **उनके दूरभाष नम्बर 8890581920** अथवा ई–मेल आई.डी. **vikram.raghav@in.gt.com** पर सम्पर्क कर सकते है।
- इस सम्बंध में किसी विशेष सहायता हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर में प्रभारी अधिकारी डा. विनोद कुमार भारद्वाज को उनके दूरभाष नम्बर 9414304650 अथवा ई–मेल आई. डी. **skill.cceraj@gmail.com** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

अतः उक्त सभी बिन्दुओं को ध्यान में रखकर सभी प्राचार्यगण अपने अपने महाविद्यालयों में इस योजना का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करावें। विद्यार्थियों को आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध करवाये जाने की महाविद्यालय स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रदीप कुमार बोरड, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान

पत्रांकः CCE/ISDC/ RSLDC/Skill Dev./2019/1199-1202 Date: 04 Sept. 2019

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, श्रम, नियोजन एवं कौशल विकास,, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर।
5. निजी सचिव, प्रबंध निदेशक, राजस्थान कौषल एवं आजीविका विकास निगम, जयपुर।
6. निजी सहायक, अतरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर।
7. वित्तीय सलाहकार, आकाशि, जयपुर।
8. संयुक्त निदेशक, HRD/PI/P&C/Acad./Admn./RUSA/RVRES, आकाशि, जयपुर।
9. सभी सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
10. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
11. वैब प्रभारी को आकाशि की वैबसाइट पर अपलोड/संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
12. रक्षित पत्रावली।

04/9/19
डा. विनोद कुमार भारद्वाज,
प्रभारी अधिकारी नवाचार एवं कौशल विकास

**Annexure- A**

# मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना

(राजकीय महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम– आरएसएलडीसी एवं कालेज शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल)

| S. No. | Course Name | प्रशिक्षण कार्यक्रम | अवधि (घंटों में) | प्रशिक्षण विवरण (प्रत्येक प्रशिक्षण कोर्स में 100 घंटे सोफ्ट स्किल एवं बेसिक कम्प्यूटर प्रशिस्क्षण सम्मिलित हैं) |
|---|---|---|---|---|
| | Skills for Business Correspondence & Facilitation | व्यवसायिक पत्राचार एवं सुविधा सेवाएं कौशल | 250 | बैंक या व्यवसायिक कम्पनी के प्रतिनिधी के रुप में सजग ग्राहकों के निर्माण, भावी ग्राहकों की सोर्सिंग के अलावा मौजूदा ग्राहकों के साथ संवाद व पत्राचार, लेन देन जैसी प्रक्रियाओं का संचालन इस कौशल के अंदर आता है। बैंकों व कम्पनियों/सेवा प्रदाता कम्पनियों में निरन्तर मांग रहती है। |
| 1. | Accounts & Tax Assistant | लेखा एवं कर सहायक | 350 | लेखा संचालन व कर सहायक के रुप मे रोजगार की प्रबल संभावनाएं हैं। |
| 2. | Stock Market Skills | शेयर बाजार कौशल | 300 | शेयर बाजार कौशल म्यूचल फंड व शेयर निवेश प्रबन्धन संबन्धित कार्यों के लिये है। विभिन्न संबन्धित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर हैं। |
| 3. | Assistant Software Developer | सहायक सोफ्टवेयर डवलपर कौशल | 350 | सोफ्टवेयर डवलपर सहायक के रुप में कौशल अर्जित कर किसी भी सोफ्टवेयर कम्पनी/एजेन्सी या स्टार्टअप के साथ जुडकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। |
| 4. | CRM Skills Non-Voice | ग्राहक संबध प्रबन्धन (CRM)– बगैर फोन | 350 | इस कौशल के माध्यम से किसी भी काल सेंटर या ग्राहक सेवा केन्द्रों पर वेबचेट या इमेल के माध्यम से प्रश्नों या ग्राहक मामलों को हल करने में सहायक होते हैं। |
| 5. | CRM Skills Voice | ग्राहक संबध प्रबन्धन (CRM)– फोन द्वारा | 350 | इस कौशल के माध्यम से किसी भी काल सेंटर या ग्राहक सेवा केन्द्रों पर फोन, के माध्यम से प्रश्नों या ग्राहक मामलों को हल करने में सहायक होते हैं। |
| 6. | Data Entry Skills | डाटा एन्ट्री कौशल | 350 | कम्प्यूटर डाटा एन्ट्री कौशल निरन्तर बाजार मांग में रहने वाला कौशल है तथा लगभग हर विभाग/प्रतिष्ठान की आवश्यक्ता है। |
| 7. | Web developer Skils | वेब डवलपर कौशल | 350 | वेब डवलपर कौशल के माध्यम से सर्वाधिक उपयोगी वेब डिजाईन व निर्माण में सहायक के रुप में रोजगार व आगे और सीखने के अवसर हैं। |
| 8. | Skills for CHARACTER DESIGNER | चरित्र/पात्र डिजाईनर कौशल | 300 | मीडिया, विज्ञापन, फिल्म, लघु फिल्म निर्माण संस्थाओं में पात्र डिजाईन कौशल रोजगार में सहायक है। |
| 9. | Sales Associate Skills | बिकी सहयोगी कौशल | 300 | बिकी सहयोगी कौशल के माध्यम से स्टोर/माल/शोरुम पर ग्राहक को वस्तु के संबन्ध में सही इनपुट देते हुए बिकी को सुचारु बनाते है। बाजार मांग के अनुरुप है। |
| 10. | Skills for Fitness Trainer | फिटनेस ट्रेनर कौशल | 300 | फिटनेस ट्रेनर कौशल प्राप्त कर किसी भी जिम/फिटनेस सेन्टर पर अथवा स्वंय का सेन्टर खोलते हुए रोजगार/स्वरोजगार सुनिश्चत कर सकते हैं। |
| 11. | skills for Yoga Trainer | योगा ट्रेनर कौशल | | योगा ट्रेनर कौशल प्राप्त कर किसी भी जिम/फिटनेस सेन्टर पर अथवा स्वंय का सेन्टर खोलते हुए रोजगार/स्वरोजगार सुनिश्चत कर सकते हैं। |
| 12. | Customer Care - Relationship Centre Skills | कस्टमर केयर – रिलेशनशिप केन्द्र कौशल | 300 | कस्टमर केयर – रिलेशनशिप केन्द्र कौशल सीखकर किसी भी काल सेन्टर या ग्राहक सेवा केन्द्र पर रोजगार प्राप्त कर सकते है। वर्तमान में लगभग सभी कम्पनियों के ग्राहक सेवा केन्द्र हें। |
| 13. | Office Management Skills | कार्यालय प्रबन्धन कौशल | 300 | कार्यालय प्रबन्धन कौशल सर्वाधिक मांग में रहता है, यह दैनिक कार्यालय संचालन, डाक, इमेल, फाईल मेनेजमेंट, स्टाक, बैठक, रिपोर्ट इत्यादि से सम्बन्धित होता है। |
| 14. | Spoken English & | अंग्रेजी बोलचाल एवं संवाद | 300 | अंग्रेजी बोलचाल एवं संवाद कौशल किसी भी क्षेत्र में रोजगार को सुनिश्चत करता है। |

# मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना

(राजकीय महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम– आरएसएलडीसी एवं कालेज शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल)

| S. No. | Course Name | प्रशिक्षण कार्यक्रम | अवधि (घंटों में) | प्रशिक्षण विवरण (प्रत्येक प्रशिक्षण कोर्स में 100 घंटे सोफ्ट स्किल एवं बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण सम्मिलित हैं) |
|---|---|---|---|---|
| | Communication | | | |
| 15. | Skills for Life Insurance Agent | जीवन बीमा एजेन्ट कौशल | 300 | जीवन बीमा एजेन्ट कौशल निरन्तर बाजार मांग का हिस्सा है। |
| 16. | Skills for CCTV Installation | सीसीटीवी स्थापना कौशल | 300 | गुणवत्ता व सुरक्षा निगरानी के क्षेत्र में सर्वाधिक प्रचलित सीसीटीवी केमेरा स्थापना की मांग निरन्तर है। |
| 17. | DTH Set Top Box Installation & Servicing Skills | डीटीएच सेटअप बाक्स स्थापना एवं कौशल | 300 | डीटीएच सेटअप बाक्स स्थापना एवं कौशल तेजी से बढती तकनीकी मांग है। |
| 18. | Computing and Peripherals Skills | कम्प्यूटिंग एवं परिधीय कौशल | 300 | कम्प्यूटिंग एवं परिधीय कौशल कम्प्यूटर सिस्टम इन्सटालेशन, फील्ड से कस्टमर काल्स को अटेन्ड करते हुए सिस्टम पर आई त्वरित समस्या निवारण में सहायता जैसे कार्यो का कौशल निरन्तर मांग में रहता है। |
| 19. | Executive Sales and Value Added Services | कार्यकारी बिक्री एवं मूल्य वर्धन सेवाएं | 350 | बिक्री में वृद्धी, मूल्य में वृद्धि व व्यापर में बढोतरी के लिये बिक्री पूर्व व बिक्री पश्चात की गतिविधियों व विधाओं का कौशल बाजार में निरन्तर मांग में रहता है। |
| 20. | Showroom - Customer Relationship Executive | शोरुम – ग्राहक संबंध कार्यकारी | 350 | शोरुम – ग्राहक संबंध कार्यकारी, ग्राहको के साथ बिक्री एवं व्यापार बढोतरी में बेहद सहायक सेवा, ग्राहक संतुष्टी, ग्राहक संबंध व संचालन का कौशल त्वरित रोजगार उपलब्धता में सहायक है। |
| 21. | Hair Styling & Beauty Therapy Skills | हेयर स्टाईलिंग एवं ब्यूटी थैरेपी कौशल | 300 | हेयर स्टाईलिंग एवं ब्यूटी थैरेपी कौशल उच्चस्तरी सेलून व ब्यूटी चैन में बेहद प्रचलित व मांग में है साथ ही स्वरोजगार में भी मददगार है |
| 22. | Pedicure & Manicure and Spa Therapy Assistant Skills | पेडीक्योर मेनीक्योर एवं स्पे थैरेपी सहायक कौशल | 300 | पेडीक्योर मेनीक्योर एवं स्पे थैरेपी सहायक कौशल भी उच्चस्तरी सेलून व ब्यूटी चैन में बेहद प्रचलित व मांग में है साथ ही स्वरोजगार में भी मददगार है |
| 23. | Travel Consultant Skills | यात्रा सलाहकार कौशल | 330 | यात्रा सलाहकार कौशल प्राप्त कर किसी भी यात्रा सेवा/होटल/पर्यटन सेवा केन्द्र पर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। |
| 24. | Local & Traditional Cuisine Skills | स्थानीय एवं पारंपरिक भोजन कौशल | 300 | स्थानीय एवं पारंपरिक भोजन कौशल वर्तमान में स्वंय के व्यवसाय के लिये साथ ही इस प्रकार के होटलों में रोजगार के लिये एक अनूठा कौशल है जो कि पारंपरिक व स्थानीय स्वाद को पर्यटन के मानचित्र पर उभारता है। |
| 25. | Skills for Tour Manager | टूर मैनेजर कौशल | 300 | टूर मेनेजर कौशल प्राप्त कर किसी भी यात्रा सेवा/होटल/पर्यटन सेवा केन्द्र/ट्रेवल डेस्क पर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। |
| 26. | Agro Based value added products Skills | कृषि आधारित मूल्य वर्धित उत्पाद कौशल | 200 | कृषि आधारित मूल्य वर्धित उत्पाद कौशल के अन्तर्गत आधुनिक तकनीक से निर्मित भोजन उत्पाद तैयार करना सीखते हैं। रोजगार व स्वरोगजार हेतु उत्तम है। |
| 27. | Travel Desk Management Skills | यात्रा डेस्क प्रबन्धन कौशल | 300 | यात्रा डेस्क प्रबन्धन कौशल प्राप्त कर किसी भी यात्रा सेवा/होटल/पर्यटन सेवा केन्द्र/ट्रेवल डेस्क पर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। |
| 28. | Editor Skills | संपादन कौशल | 300 | समाचार मीडिया, विज्ञापन, फिल्म, लघु फिल्म निर्माण संस्थाओं में संपादन कौशल की निरन्तर मांग है। |

# मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना

(राजकीय महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम– आरएसएलडीसी एवं कालेज शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल)

| S. No. | Course Name | प्रशिक्षण कार्यक्रम | अवधि (घंटों में) | प्रशिक्षण विवरण (प्रत्येक प्रशिक्षण कोर्स में 100 घंटे सोफ्ट स्किल एवं बेसिक कम्प्यूटर प्रश्सिक्षण सम्मिलित हैं) |
|---|---|---|---|---|
| 29. | Animator Skills | एनीमेटर कौशल | 300 | कार्टून व एनीमेटर कौशल वर्तमान मांग के अनुरुप बेहद प्रचलित कौशल है। |
| 30. | Digital Photography & Videography Skills | डिजिटल फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कौशल | 250 | डिजिटल फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कौशल के माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार की प्रचुर संभावनाएं हैं |
| 31. | Baking Technique Skills | बैकिंग तकनीक कौशल | 300 | बेकरी उत्पादों सम्बन्धित बैकिंग तकनीक का कौशल, उत्पादन, गुणवत्ता नियन्त्रण जैसे रोजगारों/स्वरोजगारों में सहायक। |
| 32. | Solar PV Installer (Suryamitra) Skills | सौर पीवी इन्सटालर (सूर्यमित्र) कौशल | 300 | उर्जा के सर्वमान्य स्रोत सोर उर्जा जो कि अब रिन्युएबल एनर्जी के अन्तर्गत सबसे तेज बढता कार्य है, रोजगार के असीम अवसर रखता है। |
| 33. | Handloom Weaver (Carpets) Skills | हैण्डलूम वीवर (कालीन निर्माण) कौशल | 250 | हैण्डलूम वीवर (कालीन निर्माण) कौशल, दरी व कालीन निर्माण कई मल्टीनेशनल कम्पनियों द्वारा वृहद स्तर पर किया जा रहा है जिसमें निरन्तर मांग रहती है, साथ ही स्वरोजगार का भी अच्छा अवसर है। |
| 34. | Cargo Assistant Skills | कार्गो असिस्टेन्ट कौशल | 292 | एयरपोर्ट पर सामान, कोरियर, कार्गो संचालन सम्बन्धी कार्य का कौशल बाजार की मांग के अनुरुप है। |
| 35. | Baggage Handler Skills | बैगेज हैण्डलर कौशल | 292 | एयरपोर्ट पर यात्रियों के सामान, कोरियर इत्यादि को सुरक्षित चढवाने उतरवाने संबन्धित कौशल बढती बाजार की मांग के अनुरुप है। |
| 36. | Dairy Farmer/ Entrepreneur Skills | डेयरी फार्म व्यवसाय कौशल | 300 | डेयरी फार्म संचालन, मार्केटिंग, दूध एवं उत्पाद बिकी संबन्धी कौशल की रोजगार क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। |
| 37. | Green House Operator | ग्रीन हाउस ओपरेटर | 300 | ग्रीन हाउस ओपरेटर के रुप में व्यक्ति विभिन्न ग्रीन हाउस घटकों, स्वचालन और मशीनों का संचालन करता है, जो उन्हें ग्रीन हाउस के अंदर सूक्ष्म जलवायु को नियंत्रित करने में सक्षम बनाता है साथ ही समय आधार पर सिंचाई व प्रजनन प्रक्रिया में मदद करता है। |
| 38. | Organic grower | जैविक उत्पादक | 300 | जैविक खेती एक वैकल्पिक कृषि प्रणाली है जो सबसे तेजी से उभरती पद्धति है, इस कौशल से गुणवत्ता व उत्पादकता के संतुलन को बनाए रखते हुए लाभप्रद व सुरक्षित भोज्य उत्पादन का कौशल आता है। रोजगार के क्षेत्र में प्रचुर संभावनाएं हैं। |

**Annexure- B**

Skilling Youth
Enriching Livelihoods

RSLDC, Jaipur

राजस्थान सरकार

# मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना (MMYKY)

## में पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र

राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम एवं कॉलेज शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण हेतु विशेष योजना

College Education Rajasthan

## PART- A (Personal Information)

1. आवेदक का नाम : ..................................................................................
2. पिता / माता का नाम : ..................................................................................
3. लिंग : Male ☐ Female ☐
4. आधार नम्बर : ..................................................................................
5. मोबाइल नम्बर (स्वंय का) : ..................................................................................
6. ई–मेल आई. डी. : ..................................................................................
7. घर का पूर्ण पता : ..................................................................................

: ..................................................................................

: पिन कोड़ ........................................ राज्य .................................

आवेदक स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगायें।

## PART- A (College Information)

8. कॉलेज का नाम : ..................................................................................
9. क्या आवेदक नियमित विद्यार्थी है : हां ☐ नहीं ☐
10. कक्षा जिसमें विद्यार्थी पंजीकृत है : ..................................................................................
11. विश्वविद्यालय एनरोलमैण्ट नम्बर : ..................................................................................

## PART- C (Skill Options)

12. कौशल प्रशिक्षण हेतु चयनित कोर्स के नाम (संलग्न सूची से रुचि के 3 कोर्स छांटकर वरीयता से भरें)

A. ………………………… B ………………………… C ……………………………..

आवेदक के हस्ताक्षर

**आवेदक इस महाविद्यालय का नियमित विद्यार्थी है। इसके द्वारा PART - B में भरी गई सूचना सत्यापित की जाती है।**

हस्ताक्षर प्रभारी अधिकारी / संकाय सदस्य

हस्ताक्षर प्राचार्य मय ऑफिस की मोहर